आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 11.01.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- केंद्रीय बजट 2026—27 की तैयारी को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में प्री—बजट परामर्श बैठक का आयोजन; उत्तराखण्ड ने पर्वतीय विकास, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु अनुकूल योजनाओं पर रखे अहम सुझाव।
- प्रस्तावित उत्तराखंड बंद को देखते हुए प्रदेश भर में पुलिस अलर्ट, संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात, शांति और कानून—व्यवस्था बनाए रखने की अपील।
- उत्तराखण्ड को वर्षभर पर्यटन गंतव्य बनाने की दिशा में कदम, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने दिल्ली से पैन—इंडिया रोड शो अभियान की शुरुआत।
- हरिद्वार में स्ट्रीट वेंडर्स और रेड़ी—पटरी के लघु व्यापारियों के लिए नगर निगम क्षेत्र में तीन नए वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे।

प्री—बजट परामर्श

केंद्रीय बजट 2026—27 की तैयारी के तहत केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ प्री—बजट परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तराखण्ड ने अपनी विकास संबंधी प्राथमिकताओं को प्रभावी ढंग से रखा। बैठक में राज्य की ओर से विशेष भौगोलिक परिस्थितियों, पारिस्थितिक संवेदनशीलता और राष्ट्र को प्रदान की जा रही इको—सिस्टम सेवाओं को ध्यान में रखते हुए सुझाव प्रस्तुत किए गए। एक रिपोर्ट—

मुख्यमंत्री द्वारा नामित वन मंत्री सुबोध उनियाल ने बैठक में उत्तराखण्ड का पक्ष रखा। राज्य ने पर्वतीय और सीमांत क्षेत्रों के संतुलित विकास, रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, पर्यावरण संरक्षण और राज्य को जलवायु अनुकूल बनाने से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया। इसके साथ ही विकास योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा नई पहलों की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

राज्य सरकार ने सुशासन, जनकल्याण और मजबूत वित्तीय प्रबंधन को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सतत विकास लक्ष्यों में उत्तराखण्ड का देश में प्रथम स्थान प्राप्त करना निरंतर प्रयासों का परिणाम है। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि हिमालयी राज्य होने के कारण उत्तराखण्ड की विकास चुनौतियां मैदानी राज्यों से अलग हैं, जहां विषम भौगोलिक परिस्थितियों और पारिस्थितिक संवेदनशीलता के कारण विकास लागत अधिक होती है। इसे देखते हुए केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्वास जताया है कि आगामी केंद्रीय बजट राज्य की विकास यात्रा को और सशक्त बनाएगा तथा उत्तराखण्ड को जलवायु अनुकूल बनाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाएं मजबूत करने में सहायक होगा।

<u>उत्तराखंड बंद</u>

विभिन्न संगठनों द्वारा आज प्रस्तावित उत्तराखंड बंद को देखते हुए प्रदेश भर में सुरक्षा और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तराखंड पुलिस ने व्यापक तैयारियां की हैं। बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सुरक्षा बनी रहे।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन इसकी आड़ में कानून हाथ में लेने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। आम नागरिकों, व्यापारियों और वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कानून–व्यवस्था प्रभावित हो या जनता को परेशानी हो।

इसके साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ या उत्तेजक पोस्ट से बचने की सलाह दी गई है। पुलिस प्रशासन ने सभी से शांति और सौहार्द बनाए रखने तथा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

<u>खाद्य परीक्षण</u>

रुड़की में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से एक दिवसीय खाद्य परीक्षण शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं द्वारा कुल 56 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लाए गए। मौके पर किए गए परीक्षण में सात नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे। इनमें दूध, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, सरसों का तेल और ग्रीन चिली सॉस के नमूने शामिल हैं, जिन्हें स्वास्थ्य की दृष्टि से चिंताजनक बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभागीय टीम ने लगभग 100 उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट पहचानने के आसान तरीकों की जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि खान–पान में शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय कार्रवाई के साथ–साथ उपभोक्ताओं की जागरूकता भी बेहद जरूरी है। अभियान के माध्यम से लोगों को सतर्क रहने और संदिग्ध खाद्य पदार्थों की जानकारी विभाग को देने के लिए प्रेरित किया गया।

<u>पैन–इंडिया एकीकृत रोड शो</u>

उत्तराखण्ड को वर्षभर पर्यटन की पहली पसंद बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक नया कदम उठाया है। पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने दिल्ली में उत्तराखण्ड पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित पैन–इंडिया एकीकृत रोड शो अभियान की शुरुआत की। यह अभियान दिल्ली के बाद देश के अन्य प्रमुख शहरों में भी आयोजित किया जाएगा।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि इस रोड शो का उद्देश्य दिल्ली–एनसीआर सहित देशभर के ट्रैवल ट्रेड और पर्यटन उद्योग को उत्तराखण्ड के एडवेंचर, विंटर, वेलनेस, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन से जोड़ना है। यह पहल प्रधानमंत्री के विजन और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में शुरू की गई है, ताकि उत्तराखण्ड को 365 दिन का पर्यटन गंतव्य बनाया जा सके। इस रोड शो कार्यक्रम में उत्तराखण्ड और दिल्ली–एनसीआर

के 250 से अधिक पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यटन से जुड़े व्यवसायिक संवाद और बैठकों के माध्यम से राज्य में पर्यटन की नई संभावनाओं पर चर्चा की गई।
पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य को शीतकालीन पर्यटन के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत जोशीमठ, औली और पांडुकेश्वर जैसे स्थलों को शीतकालीन चारधाम और आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को पूरे वर्ष आने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि यह रोड शो पर्यटन निवेश, उद्योग सहयोग और पर्यटकों की संख्या बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।
पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल ने कहा कि यह अभियान उत्तराखण्ड को एक प्रमुख और उभरते पर्यटन राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में हुए रोड शो से पर्यटन उद्योग में उत्साह देखने को मिला है और उत्तराखण्ड को सुरक्षित, विविध और निवेश के अनुकूल राज्य के रूप में देखा जा रहा ळें आकाशवाणी देहरादून के समाचार कक्ष से निशी भाटिया

वेंडिग जोन

हरिद्वार में स्ट्रीट वेंडर्स और रेड़ी–पटरी के लघु व्यापारियों के लिए नगर निगम क्षेत्र में तीन नए वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। उत्तराखंड शासन की नगरीय फेरी नीति नियमावली के तहत आयोजित फेरी समिति की बैठक में इस प्रस्ताव पर सहमति बनी। नगर आयुक्त नंदन कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में उत्तरी हरिद्वार, ज्वालापुर और दीनदयाल उपाध्याय पार्किंग के समीप वेंडिंग जोन विकसित करने का निर्णय लिया गया।
नगर आयुक्त ने बताया कि आगामी कुंभ मेला 2027 को देखते हुए नगर निगम में पंजीकृत सभी रेड़ी–पटरी के लघु व्यापारियों को शहरी और मेला क्षेत्र में व्यवस्थित रूप से स्थान दिए जाने पर विचार किया जा रहा है।

हस्ताक्षर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की की पहल पर उत्तराखंड सरकार और जर्मनी के ब्रांडेनबुर्ग राज्य सरकार के बीच संयुक्त आशय घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह कदम विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में राज्य–स्तरीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। इस संयुक्त घोषणा का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देना है, जिससे उच्च शिक्षा और अनुसंधान में वैश्विक सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। समझौते के तहत संयुक्त सूचना एवं कौशल केंद्र की स्थापना, भारत–जर्मनी स्टार्टअप्स पर केंद्रित उद्योग संपर्क कार्यालय का गठन, राज्य–स्तरीय संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों का विकास तथा चिन्हित प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक और पारंपरिक आदान–प्रदान को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा।
यह सहयोग विशेष रूप से आपदा प्रबंधन और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, कृषि एवं पर्यावरण निगरानी के लिए ड्रोन और डिजिटल तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा और हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था, उन्नत विनिर्माण, ई–गवर्नेंस, स्वास्थ्य सेवाओं तथा साइबर सुरक्षा में डेटा विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा।

कार्रवाई

हरिद्वार के जमालपुर कलां में स्वच्छता अभियान में लापरवाही पाए जाने पर सहायक विकास अधिकारी, पंचायत के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जल जीवन मिशन की पेयजल योजना का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्र ने गांव में भारी मात्रा में कूड़ा और गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारी का वेतन रोकने के आदेश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कि गांव में सफाई व्यवस्था को लेकर पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद हालात बेहद खराब पाए गए।

निरीक्षण के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने इसे कर्तव्यों के प्रति लापरवाही मानते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि संबंधित सहायक विकास अधिकारी पंचायत की प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की जाए और उनका वेतन रोका जाए।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- केंद्रीय बजट 2026–27 की तैयारी को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में प्री–बजट परामर्श बैठक का आयोजन; उत्तराखण्ड ने पर्वतीय विकास, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु अनुकूल योजनाओं पर रखे अहम सुझाव।
- प्रस्तावित उत्तराखंड बंद को देखते हुए प्रदेश भर में पुलिस अलर्ट, संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात, शांति और कानून–व्यवस्था बनाए रखने की अपील।
- उत्तराखण्ड को वर्षभर पर्यटन गंतव्य बनाने की दिशा में कदम, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने दिल्ली से पैन–इंडिया रोड शो अभियान की शुरुआत।
- हरिद्वार में स्ट्रीट वेंडर्स और रेड़ी–पटरी के लघु व्यापारियों के लिए नगर निगम क्षेत्र में तीन नए वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे।